Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to extend the proposed Meerut Rapid Transit System to Muzaffarnagar, Uttar Pradesh.

डॉ. संजीव बालियान (मुजफ्फरनगर) : उपाध्यक्ष महोदय, एन.सी.आर., दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के कुछ जनपदों को मिलाकर बनाया गया था। इसका उद्देश्य यह था कि दिल्ली में जो बाहर की आबादी का पलायन होता है वह न हो। दिल्ली के चारों तरफ इण्डस्ट्रीज आयें, विकास हो तथा दिल्ली पर आबादी का प्रेशर न बढ़े। वर्ष 2014 में जब मैं सांसद चुना गया था, तब मेरे जनपद की एक ही मांग थी कि मुजफ्फरनगर को एन.सी.आर. में शामिल किया जाये, जिससे मुजफ्फरनगर तक विकास पहुंच सके। शहरी विकास मंत्री और माननीय प्रधानमंत्री जी को मैं धन्यवाद दूंगा कि वर्ष 2015 में उनके द्वारा एक नोटिफिकेशन के माध्यम से मुजफ्फरनगर को एन.सी.आर. में शामिल कर लिया गया है।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, इस तरह की उम्मीद है कि नेशनल कैपिटल रीजन प्लानिंग बोर्ड द्वारा एन.सी.आर. में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए करीब 8 रूट आर.आर.टी.एस. के फाइनल किये गये थे, जिनमें से 3 पर काम जल्दी शुरू होगा। एक रूट दिल्ली, गुड़गांव, रेवाड़ी और अलवर है, जो 164 किलोमीटर का है। दूसरा रूट दिल्ली, सोनीपत और पानीपत का है, जो 103 किलोमीटर है। तीसरा रूट दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ का है, जो 82 किलोमीटर का है, जिसमें करीब 16 स्टेशन पड़ते हैं। मेरा आपसे अनुरोध है, चूंकि मुजफ्फरनगर अब एन.सी.आर. का पार्ट है और मुजफ्फरनगर तक एन.सी.आर. की सुविधाएं मिलनी चाहिए थी, उसके लिए आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि आर.आर.टी.एस., जो दिल्ली से गाजियाबाद और मेरठ तक जाती है, उसको बढ़ाकर मुजफ्फरनगर तक ले जाया जाये, क्योंकि मुजफ्फरनगर मात्र 30 किलोमीटर आगे है। इसमें 200 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर का खर्च है। मेरा अनुरोध है कि आर.आर.टी.एस. मुजफ्फरनगर तक जाये, धन्यवाद।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Dr. Sanjeev Balyan.